राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 395 / 241 / NULM / तीन / 2001(SM&ID) -II दिनांक–27-6-17

सेवा में,

1. **समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय विकास अभिकरण
   उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त परियोजना निदेशक / सिटी प्रोजेक्ट आफिसर**
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा उ0प्र0।

विषय : दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता के दृष्टिगत 100 दिवसों में अपेक्षित लक्ष्यों की प्राप्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपय उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0–318 / 241 / NULM / तीन / 2001(SM&ID)–II दिनांक 31.05.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत शहर को विगत वर्ष 2017–18 में आवंटित अनन्तिम लक्ष्यों के सापेक्ष माह अप्रैल की प्रगति का विवरण इस आशय से प्रेषित किया गया था कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता के दृष्टिगत आगामी 100 दिवसों मे अनन्तिम लक्ष्यों के सापेक्ष तदानुसार निश्चित लक्ष्य प्राप्त किया जाना सुनिश्चित कराया जाये।

यह अत्यन्त खेद का विषय है कि शहरों से माह मई की प्राप्त मासिक प्रगति आख्या के अनुसार इस घटक के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों मे अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है, जिसके दृष्टिगत विगत 12–16 जून 2017 को सूडा मुख्यालय मे आयोजित मासिक समीक्षा बैठक मे एस0यू0एल0एम0 स्तर से मिशन के प्रगति की शहरवार समीक्षा प्रत्येक 10 दिवसों मे करके पत्रावली पर प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि अपेक्षित प्रगति हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

उल्लेखनीय है कि एस0यू0एल0एम0 स्तर से प्रत्येक 10 दिवसों मे इस घटक मे शहरों की प्रगति समीक्षा एम0आई0एस0 पोर्टल से प्रगति की प्रिन्ट निकाल कर की जायेगी। इसके लिए आवश्यक है कि सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के घटक की सभी गतिविधियों का नियमित एम0आई0एस0 पर एन्ट्री की जाये। इसमे किसी भी प्रकार की शिथिलता न की जाये। एस0यू0एल0एम0 द्वारा प्रत्येक माह 10, 20 एवं 30 तारीख को अपरह्न 2:00 बजे (अवकाश की स्थिति मे अगले कार्य दिवस में) एम0आई0एस0 से प्रिन्ट निकाल कर पत्रावली तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत की जायेगी तदोपरान्त उक्त प्रगति के आधार पर प्रगति की समीक्षा की जायेगी। एम0आई0एस0 पर नियमित एन्ट्री न पाये जाने पर सम्बन्धित शहर मिशन प्रबन्धकों एवं परियोजना अधिकारियों के उत्तरदायित्वों का निर्धारण कर कार्यवाही की जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता के दृष्टिगत मिशन की समय–समय पर समीक्षा कर अपेक्षित प्रगति की उपलब्धि सुनिश्चित कराने के साथ ही नियमित सभी गतिविधियों की एम0आई0एस0 पर एन्ट्री हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी/सिटी मिशन मैनेजर, सामाजिक विकास एवं अवस्थापना, सी0एम0एम0यू0, डूडा को अनुपालनार्थ।
3. समस्त संदर्भ संस्थाओं को नियमित ससमय सी0एम0एम0यू0 को सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु।
4. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक